रेलटेलकॉर्पोरेशनऑफ़इंडियालिमिटेड (भारतसरकारकाउपक्रम)
RailTel Corporation of India Ltd. (A government of India Enterprise)
www.railtelindia.com

दिनांक- **02.11.2023**

प्रेस विज्ञप्ति

रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने रेलवे सिगनलिंग और दूरसंचार प्रशिक्षण के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

****

रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, रेल मंत्रालय के तहत एक मिनी रत्न पीएसयू ने रेलवे सिगनलिंग के क्षेत्र में योग्य और कुशल जनशक्ति की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की है। श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/रेलटेल ने आज निदेशक/वित्त, निदेशक/पीओएम, निदेशक/एनपीएम एवं अन्य रेलटेल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में इस केंद्र का उद्‌घाटन किया।

यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस आई आई टी और आई आई एम जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से सर्टिफिकेशन और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की एक श्रृंखला को प्रस्तुत करेगा। इन पाठ्यक्रमों में कवच की मौलिक अवधारणाओं, कवच के आर एफ आई डी नेटवर्क की उन्नत डिजाइनिंग, ऑन बोर्ड उपकरण और साइबर सुरक्षा को शामिल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अनुभवी रेलवे पेशेवरों और युवा इंजीनियरों दोनों को सेवाएं प्रदान करते हुए आई आर एस ई लाइसेंस के विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त योग्यता सर्टिफिकेशन के लिए मूल्यांकन एजेंसी के रूप में कार्य करेगा। इसमें आई आर एस ई लाइसेंस के लिए कार्यस्थल और योग्यता दोनों का मूल्यांकन शामिल है। भारत और विदेशों में अग्रणी संस्थानों के साथ साझेदारी करके यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस रेलवे सिगनलिंग और दूरसंचार के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के लिए संसाधन भागीदार रेलएजुटेक प्राइवेट लिमिटेड है, जो व्यापक रेलवे प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ए आई सी टी ई द्वारा अनुमोदित इकाई है।

इस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के बारे में बताते हुए श्री. संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक/रेलटेल ने कहा कि ट्रेन परिचालन में सुरक्षा सर्वोपरि है। सुरक्षित ट्रेन परिचालन सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सिगनलिंग सबसे अग्रणी है। भारतीय रेलवे के डिजिटल परिवर्तन के साथ, आधुनिक ट्रेन नियंत्रण और कमांड सिगनलिंग और दूर संचार प्रणालियों को भारतीय रेलवे में अपनाया जाएगा। यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, रेलवे उद्योग में सुरक्षा और नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए रेलटेल की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। अत्याधुनिक प्रशिक्षण और अनुसंधान पहलों के माध्यम से, यह सेंटर देश में रेलवे परिचालन के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।'

रेलटेल के बारे में:

रेलटेल, रेल मंत्रालय के तहत एक "मिनी रत्न (श्रेणी-I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम, देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार बुनियादी ढांचे और आईसीटी समाधान और सेवा प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास कई शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000+ रूट किलोमीटर के एक मजबूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना मंत्रालय (MeitY) पैनल वाले टियर III डेटा केंद्र भी हैं।

अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न क्षेत्रों में पर समाज को ज्ञानार्जित बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और रेलटेल को दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार के लिए विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए कार्य कर रहा है। रेलटेल एमपीएलएस वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक साथ प्रदान करता है। रेलटेल देश भर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई प्रदान करके रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने के लिए भारतीय रेलवे के साथ काम कर रहा है और रेलटेल के रेलवायर वाई-फाई के साथ 6108+ स्टेशन लाइव हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें:
sucharita@railtelindia.com